प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 03.12.2024**

**मुख्य समाचारः–**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए–कहा कि दिव्यांगजनों को सहानुभूति की नहीं, बल्कि सम्मान की आवश्यकता है।

- राजधानी रायपुर में भी समारोह आयोजित कर दिव्यांगजनों और संस्थाओं को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए गए।

- मुख्यमंत्री ने रायगढ़ में नालंदा परिसर का किया भूमिपूजन–महतारी वंदन योजना की दसवीं किश्त ऑनलाइन जारी की।

- रायगढ़ जिले में कल से अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा।

**अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस–राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर तैंतीस प्रतिशत की दिव्यांगता वाले अनुकरणीय व्यक्तियों और संस्थानों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि इस पुरस्कार के विजेता समाज के लिए आदर्श के रूप में उभरकर सामने आ रहे हैं।
राष्ट्रपति ने दिव्यांगजनों को सार्वभौमिक सुगमता प्रदान करने में 'सुगम्य भारत अभियान' की भूमिका का उल्लेख किया। यह अभियान इस बात का प्रमाण है कि दिव्यांगजन सहानुभूति के पात्र नहीं, बल्कि सम्मान के पात्र हैं।

***आज के पुरस्कार विजेता समाज के सामने रोल मॉडल के रूप में प्रतिष्ठित हो रहे हैं। इनका अनुकरण करके अन्य व्यक्ति और संस्थान दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। वास्तव में दिव्यांगजन के अदम्य उत्साह को देखकर हम सभी को प्रेरणा मिलती है। आज के पुरस्कार विजेता दिव्यांगजन की उपलब्धियां के बारे में जानकार सभी का मनोबल बढ़ा होगा।***

राष्ट्रपति ने कहा कि इस वर्ष का विषय–समावेशी और टिकाऊ भविष्य के लिए दिव्यांगजनों के नेतृत्व को बढ़ावा देना है।

**अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस–रायपुर**

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर आज रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य के लिए चार विभिन्न श्रेणियों में दिव्यांगजनों और संस्थाओं को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए गए। समारोह को संबोधित करते हुए समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि विकसित राष्ट्र बनाने में दिव्यांगजन अहम भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेल और युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने की। समारोह में एक सौ तीस दिव्यांगजनों को अत्याधुनिक बैटरी चलित ट्राइसाइकिल और अन्य उपकरण प्रदान किए गए।

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर आज प्रदेश के अन्य जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**मुख्यमंत्री–रायगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायगढ़ के मरीन ड्राइव क्षेत्र में बयालीस करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले हाईटेक लाइब्रेरी 'नालंदा परिसर' का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही उन्होंने जिले में एक सौ सैंतीस करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन योजना की दसवीं किश्त की राशि ऑनलाइन जारी की। कार्यक्रम में श्री साय ने रायगढ़ में रिंग रोड बनाने की घोषणा भी की।

रायगढ़ के मरीन ड्राइव में सर्व–सुविधायुक्त नालंदा परिसर प्रदेश का सबसे बड़ा नालंदा परिसर होगा। इसके लिए नगर निगम और एनटीपीसी के बीच बयालीस करोड़ छप्पन लाख रूपये का करार हुआ है। नालंदा परिसर एक अत्याधुनिक लाइब्रेरी होगी। यहां अध्ययन–अध्यापन का एक ऐसा इको सिस्टम छात्रों को मिलेगा, जिससे वे खुद को प्रदेश के साथ राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार कर सकेंगे।

**राज्यपाल–सैनिक कल्याण बोर्ड**

राज्यपाल रमेन डेका की अध्यक्षता में आज राजभवन में सैनिक कल्याण बोर्ड के राज्य प्रबंधन समिति की सोलहवीं बैठक हुई। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं और उनके आश्रितों के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। साथ ही भूतपूर्व सैनिकों के हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि सैनिकों के कल्याण के लिए मानवीय संवेदना से कार्य करें। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा करने वाले वीर सपूतों का कल्याण करना सबका दायित्व और कर्त्तव्य है।

इससे पहले, कल नेहरू युवा केन्द्र संगठन के राज्य निदेशक अतुल निकम ने राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें विकसित भारत चैलेंज के संबंध में जानकारी दी। राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ के युवाओं से विकसित भारत चैलेंज में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की है।

**छत्तीसगढ़ सरकार–एक वर्ष**

छत्तीसगढ़ सरकार ने आज अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूरा कर लिया है। इस दिन को सरकार जनादेश दिवस के रूप में मना रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संदेश में जनता का आभार जताया है।

**मुख्यमंत्री–गौ–शाला**

प्रदेश में गौ–शालाओं को प्रति मवेशी दी जाने वाली अनुदान की राशि पच्चीस रुपए से बढ़ाकर पैंतीस रुपए की जाएगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य गौ–सेवा आयोग के नव–नियुक्त अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल के पदभार ग्रहण समारोह के दौरान की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बताया कि बेमेतरा के झालम में पचास एकड़ और कवर्धा में एक सौ बीस एकड़ क्षेत्र में गौ–धाम बनाया जा रहा है।

**तोखन साहू–स्वास्थ्य मंत्री मुलाकात**

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने आज नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा से मुलाकात की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही केंद्रीय मंत्री को जनहित के कार्यों से संबंधित मांग पत्र भी सौंपा गया। इस अवसर पर महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, पूर्व मंत्री और कुरूद विधायक अजय चंद्राकर तथा पूर्व विधायक और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा उपस्थित थे।

**सुगम्य भारत अभियान**

सुगम्य भारत अभियान आज अपनी नौवीं वर्षगांठ मना रहा है। इसे सुलभ भारत अभियान के नाम से भी जाना जाता है। इस परिवर्तनकारी पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों के लिए एक सुगम और समावेशी भारत का निर्माण करना है। इस अभियान में बुनियादी ढांचे में सुधार, परिवहन और दिव्यांगजनों के लिए सार्वजनिक स्थलों को और सुगम बनाने पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। इस अभियान में दिव्यांगजनों के अधिकारों और आवश्यकताओं को लेकर जागरूकता बढ़ाने पर भी बल दिया गया है। सुगम सार्वजनिक परिवहन से लेकर समावेशी शैक्षणिक पहल

की सुविधा देकर इस अभियान ने गरिमा और सम्मान के साथ करोड़ो दिव्यांगजनों को जीवन जीने योग्य बनाया है।

**सेना भर्ती रैली**

रायगढ़ जिले में कल चार दिसंबर से अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। बारह दिसंबर तक चलने वाली इस भर्ती रैली में प्रदेश के सभी तैंतीस जिलों के आठ हजार पांच सौ छप्पन पुरुष उम्मीदवार शामिल होंगे। रैली में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को अपने साथ एडमिट कार्ड, आठवीं, दसवीं, बारहवीं और स्नातक की मार्कशीट, स्थानीय निवास प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, शपथ पत्र, एनसीसी, खेल, आईटीआई, ड्राइविंग लाइसेंस, रिलेशनशिप सर्टिफिकेट और जेआईए तथा आधार कार्ड में दर्ज मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य होगा। रायगढ़ जिला प्रशासन की ओर से रायगढ़ रेलवे स्टेशन तथा रायगढ़ बस स्टैंड से लाने और ले जाने के लिए बस की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। वहीं, उम्मीदवारों के ठहरने की समुचित व्यवस्था भी प्रशासन द्वारा की गई है।

सेना भर्ती कार्यालय द्वारा सभी उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे जालसाजों से सावधान रहें। भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर ही होगी।

**निर्वाचन आयुक्त–बैठक**

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में आज नवा रायपुर में रायपुर संभाग के अंतर्गत नगर पालिकाओं और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में रायपुर संभाग के आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और उप जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल हुए। बैठक में चुनाव के सुचारू रूप से संचालन, सुरक्षा व्यवस्था, मतदान केन्द्रों की स्थिति और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी तैयारियों पर चर्चा की गई। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिकारियों को मतदाता जागरूकता बढ़ाने और मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी तथा निष्पक्ष बनाने के निर्देश दिए।

कल चार दिसंबर को बस्तर संभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक होगी।

**स्वास्थ्य मंत्री–स्वशासी सोसायटी बैठक**

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये राज्य के दस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की स्वशासी सोसायटियों की बैठक हुई। बैठक में स्वशासी सोसाइटियों और प्रबंधकारिणी समिति को दो करोड़ रूपए तक के अनुमोदन का अधिकार प्रदान किया गया है। वहीं, अधिष्ठाता और अस्पताल अधीक्षक के अधिकार क्षेत्र को भी बढ़ाया गया है।

**आईईडी बरामद**

कोंडागांव जिले में सुरक्षा बलों ने दो–दो किलो के तीन टिफिन बम बरामद किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार कोंडागांव और कांकेर के सीमावर्ती ग्राम – भंडारपाल, जबकसा और माड़गांव के पहाड़ी क्षेत्र में माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से आईईडी लगाए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद धनोरा से जिला पुलिस बल और सीएएफ की संयुक्त टीम रवाना की गई। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने माड़गांव पहाड़ी के पास से तीन टिफिन बम बरामद किए, जिसे बम निरोधक दस्ते की टीम ने मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया।

**बीएसएफ–मैराथन दौड़**

सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ की स्थापना के साठ वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज भिलाई में मैराथन दौड़ 'रन फॉर बॉर्डरमैन' का आयोजन किया गया। पांच किलोमीटर लंबी इस दौड़ में बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही जवानों ने भी हिस्सा लिया। वहीं, दुर्ग पुलिस के अधिकारी और जवान भी दौड़ में विशेष रूप से शामिल हुए। चार श्रेणियों में हुए इस मैराथन में प्रदेश के कई खिलाड़ियों ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बीएसएफ के आईजी आनंद प्रताप सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि बीएसएफ हर वर्ष अपने स्थापना दिवस पर इस तरह के आयोजन करता है।

**<u>सनातन हिन्दू पंचायत–रैली</u>**
बांग्लादेश में हो रहे हिन्दू उत्पीड़न के विरोध में सनातन हिन्दू पंचायत द्वारा आज रायपुर के तेलीबांधा स्थित मरीन ड्राइव में धरना–प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के बाद सनातन हिन्दू पंचायत के सदस्य रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे और जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। इस रैली में बड़ी संख्या में सनातन हिन्दू पंचायत के सदस्य शामिल हुए।

वहीं, भिलाई में भी श्रीराम जन्मोत्सव समिति ने आक्रोश रैली निकाली है।

**<u>मौसम</u>**
प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में बादल छाए रहेंगे। अगले चौबीस घंटों के दौरान इन जिलों के कुछ स्थानों में हल्की बारिश होने की भी संभावना है।

वहीं, प्रदेश के उत्तरी भाग में न्यूनतम तापमान में गिरावट आ सकती है।